लाल लाल लहंगे मे गोटा चमके

लाल लाल लहंगे मे गोटा चमके,
आओ प्यारे भक्तो दर्शन करने....

कोई जल लाया मैया कोई गैया दूध,
तुमको नहलाएंगे मलमल के,
आओ प्यारे भक्तो दर्शन करने....

गंगा जल लायी मैया चरण धुलाये,
चरण धुलाये माँ को पायल पहनाये,
पायल में मैया की चांदी चमके,
आओ प्यारे भक्तो दर्शन करने....

लाल लाल फुल मैया तेरे लिए लायी,
लाल लाल लंहगा मैया तुमको पहनाया,
लाल लाल फूलों में साड़ी चमके,
आओ प्यारे भक्तो दर्शन करने....

चन्दन और रोली का तिलक कराया,
हाथों को तेरे मैया चूड़ी से सजाया,
कंगने में मैया के सोना चमके,
आओ प्यारे भक्तो दर्शन करने....

लाल लाल फूलों की माला बनाई,
हीरे का मैया तेरा हार बनाया,
हारो में मैया तेरा ही चमके,
आओ प्यारे भक्तो दर्शन करने....

प्यारे प्यारे झुमके मैया तुमको पहनाये,
लाल लाल नथनी में सोना जड़ाया,
नथनी में माँ तेरी सोना चमके,
आओ प्यारे भक्तो दर्शन करने...

माथे पे तेरे मैया टिका सजाया,
टिका सजाया मैया मुकुट पहनाया,
ज्योत जलाएंगे सब मिलके,
आओ प्यारे भक्तो दर्शन करने....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26742/title/laal-laal-lehnge-me-ghota-chamke

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |